# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 16 नवम्बर ।** राफेल विमान सौदा देश का सबसे बड़ा घोटाला है तथा मोदी सरकार ने लगातार राफेल सौदे पर झूठ बोल देश को गुमराह करने का कार्य किया। आज राफेल घोटाले की परतें जिस प्रकार ऊजागर हो रही है पूरे देश के सामने भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार की सच्चाई सामने आ रही है। केन्द्र सरकार द्वारा देशहित को नजरअंदाज कर केवल घोटाले किए गए और अब इन घोटालों को छुपाने हेतु तरह-तरह के हथकण्डे अपनाकर ऑपरेशन कवर अप चलाया जा रहा है। देश की जनता मोदी सरकार की असलियत से वाकिफ हो चुकी है तथा कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस के समस्त कार्यकर्ता मोदी सरकार द्वारा किए गए घोटालों को जन-जन तक ले जाकर सरकार के भ्रष्ट चेहरे को ऊजागर करेंगे तथा जब तक देश की भ्रष्टतम केन्द्र सरकार को सता से बाहर नहीं कर देंगे तब तक कांग्रेस एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता चैन से नहीं बैठेंगे। उक्त विचार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता प्रो. गौरव वल्लभ के साथ आयोजित प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

**संलग्न :** एआईसीसी के प्रवक्ता प्रो. गौरव वल्लभ जी का प्रेस नोट

-----

Created by Universal Document Converter